दैनिक नवज्योति दि. 12-2-13 (मंगलवार)

दैनिक नवज्योति

बीएसएनएल के कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए। प्रेस फोटो : श्रीकांत

बीएसएनएल कर्मियों ने किया प्रदर्शन

अजमेर, 11 फरवरी (कासं.)। वेतन बढ़ोतरी की मांग को लेकर बी.एस.एन.एल. कर्मचारी एवं अधिकारी संयुक्त समिति के राष्ट्रीय आह्वान पर सोमवार को भारत संचार निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों ने महाप्रबंधक कार्यालय पर प्रदर्शन किया।

समिति के जिला संयोजक वी.पी. शर्मा के मुताबिक इस मांग के संबंध में निगम प्रबंधन वर्ष 2012 में समझौता कर चुका है। लेकिन उसके बाद अभी तक इस समझौते को लागू नहीं किया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही समझौता लागू नहीं किया तो 15 फरवरी को धरना दिया जाएगा और उसके बाद आन्दोलन तेज किया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों को वी.पी. शर्मा, जी.एस. छाबड़ा, पी.आर. नोगिया, अशोक नाथानी, आनंद सिंह, बालकिशन तथा यू.एन. माथुर ने संबोधित किया।

राजस्थान-पत्रिका दि. 12-2-13

बीएसएनएल कर्मियों ने किया प्रदर्शन

बीएसएनएल महाप्रबंधक कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते अधिकारी व कर्मचारी।

अजमेर. ज्वाइंट फोरम ऑफ बीएसएनएल यूनियन व एसोसिएशन के राष्ट्रीय आह्वान पर सोमवार को बीएसएनएल कर्मचारी एवं अधिकारी संयुक्त संघर्ष समिति के बैनरतले बीएसएनएल कर्मियों ने वरिष्ठ महाप्रबन्धक कार्यालय पर प्रदर्शन किया। कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए जिला संयोजक

बाद भी अभी तक इसे लागू नहीं किया गया। कर्मचारी व अधिकारी लम्बे समय से 78.2 प्रतिशत महंगाई भत्ते का वेतन में समायोजन की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शन में जी.एस. छाबड़ा, पी.आर.नोगिया, यू.एन. माथुर तथा बाल किशन आदि कर्मचारी अधिकारी शामिल हुए। कर्मचारियों ने जल्द ही समझौते को

दैनिक भास्कर दि. 12-2-13

बीएसएनएल कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

भास्कर न्यूज़ | अजमेर

भारतीय दूरसंचार निगम के कर्मचारी एवं अधिकारी संयुक्त संघर्ष समिति की ओर से सोमवार को भोजनावकाश में महाप्रबंधक कार्यालय के बाहर विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया गया।

ज्वाइंट फोरम ऑफ बीएसएनएल के जिला संयोजक वीपी शर्मा ने बताया कि बीएसएनएल में जून 2012 में प्रबंधन के साथ हुए समझौते को अब तक लागू नहीं किया गया है। इस समझौते को लागू नहीं किए जाने के कारण अब 15 फरवरी को धरना दिया जाएगा। इसके बाद आगामी आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। इस मौके पर भारतीय दूरसंचार निगम के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।